न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :–226/2019–20

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

गुड्डू मुण्डा – विक्रेता

मंजू टूटी – क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित
16.12.19	(आदेश नीचे देखें)	

आदेश

आवेदक गुड्डू मुण्डा पिता स्व0 बुधवा मुण्डा ग्राम–नामकोम, थाना खूँटी, जिला खूँटी ने मंजु टूटी पिता जीवन सिंह मुण्डा ग्राम–नामकोम, थाना खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटान्नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा (एकड़ में)
नामकोम	90	08	206	0.05

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाणपत्र/खतियान एवं लगान की रसीद सं0 0787335058 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 1132 दिनांक 12.12.19 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम शाऐ मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार भोदो मुण्डा वगैरह के नाम भूमि का रकवा 7.65 एकड़ है। आवेदक के पास रकबा 1.91 एकड़ भूमि के अलावा मौजा नामकोम खाता सं0 10 रकबा 0.65 एकड़ भूमि कुल रकबा 2.56 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018–19 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 53180.00(तिरीपन हजार एक सौ अस्सी)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 2.51 एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने आवेदक क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण गुड्डू मुण्डा पिता स्व0 बुधवा मुण्डा को मंजु टूटी पिता जीवन सिंह मुण्डा के साथ ग्राम नामकोम के खाता सं0 08 खेसरा संख्या 206 कुल रकबा 0.05 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 53180.00(तिरीपन हजार एक सौ अस्सी)रू0 प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

16/12/19

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

16/12/19

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।